CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 209 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजोलिया - मंगलवार,20 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## हाईवे की शराब दुकानों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

### 1102 दुकानों को हटाने के हाईकोर्ट आदेश पर अंतरिम स्टे

भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली/जयपुर।

राजस्थान में हाईवे किनारे शराब की दुकानों को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा और राहत भरा आदेश दिया है। नगर निकाय सीमा से गुजरने वाले राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर स्थित करीब 1102 शराब की दुकानें फिलहाल बंद नहीं होंगी। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट के इन दुकानों को हटाने और स्थानांतरित करने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिससे राज्य सरकार और शराब लाइसेंस धारकों को बड़ी राहत मिली है।

यह अंतरिम राहत सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता शामिल हैं, ने राज्य सरकार और अन्य लाइसेंस धारकों की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई करते हुए दी। अदालत ने फिलहाल हाईकोर्ट के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए तुषार मेहता और अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट अपने पूर्ववर्ती फैसलों में नगर निकाय सीमा के भीतर स्थित शराब दुकानों को 500 मीटर की बाध्यता से राहत दे चुका है। ऐसे में हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थापित विधि को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

गौरतलब है कि इससे पहले राजस्थान हाईकोर्ट की मुख्यपीठ ने 24 नवंबर 2025 को एक सख्त आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों से 500 मीटर की परिधि में आने वाली सभी शराब दुकानों की पहचान कर उन्हें हटाए या स्थानांतरित करे, भले ही वे नगर निगम, स्थानीय स्वशासी निकाय या विकास प्राधिकरण की सीमा में ही क्यों न आती हों।

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया था कि नगर सीमाओं का विस्तार सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किए गए सड़क सुरक्षा मानकों को कमजोर करने का आधार नहीं बन सकता। अदालत ने सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सार्वजनिक सुरक्षा सर्वोपरि है और लगभग 2100 करोड़ रुपये के संभावित राजस्व नुकसान जैसी वित्तीय चिंताएं इसके आगे गौण हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक के बाद अब राज्य में करीब 1102 शराब दुकानों पर तत्काल कार्रवाई टल गई है। माना जा रहा है कि यदि ये दुकानें बंद होतीं तो राज्य सरकार को लगभग 2100 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ता। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सरकार और कारोबार से जुड़े पक्षों को बड़ी राहत मिली है, जबकि अंतिम फैसले पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।



प्रतीकात्मक इमेज

## चाइनीज मांझे से हादसा, छात्रा की आंख में आए टांके

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।



गर्वित । चाइनीज मांझे से कोटा के बोरखेड़ा पुलिया पर परीक्षा देकर लौट रही एक छात्रा चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। अचानक गले में मांझा फंसने से छात्रा स्कूटी से गिर पड़ी, जिससे वह और उसके साथ मौजूद युवती दोनों घायल हो गईं।

जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार छात्रा के गले में अचानक पतंग का चाइनीज मांझा उलझ गया। मांझे की तेज धार से छात्रा के गले, आंख और हाथ की उंगली में गहरे कट लग गए। हादसे के दौरान स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई, जिससे दोनों युवतियों को चोटें आईं।

घायल छात्रा की पहचान सवाई माधोपुर निवासी जया चौधरी के रूप में हुई है। जया ने बताया कि वह रीट परीक्षा देने के लिए बोरखेड़ा क्षेत्र में अपनी मौसी के यहां ठहरी हुई थी। वह बसंत विहार स्थित परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर मौसी की बेटी प्रिया के साथ स्कूटी से लौट रही थी। इसी दौरान बोरखेड़ा पुलिया पर अचानक चाइनीज मांझा उसके गले से लिपट गया। मांझा हटाने के प्रयास में जया की हाथ की उंगली कट गई और आंख में भी गंभीर चोट आई। संतुलन बिगड़ने से स्कूटी गिर पड़ी। राहत की बात यह रही कि उसी समय वहां से गुजर रहे एक डॉक्टर ने तुरंत मदद करते हुए दोनों घायलों को एमबीएस हॉस्पिटल पहुंचाया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार जया की आंख में पांच टांके लगाए गए हैं, जबकि गले व शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल छात्रा का उपचार जारी है।

## एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल, शांति धारीवाल बोले नियमों की खुलेआम अवहेलना

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

गर्वित । विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर सियासत गरमा गई है। पूर्व मंत्री एवं कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल ने निर्वाचन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। धारीवाल ने दावा किया कि मतदाता सूची में संशोधन के नाम पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से खिलवाड़ किया जा रहा है और इसके पीछे सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी का दबाव काम कर रहा है।

धारीवाल ने आरोप लगाया कि निर्वाचन अधिकारी सरकार के इशारों पर काम करते हुए कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की सुनियोजित तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हजारों मतदाताओं के नाम काटने की प्रक्रिया चल रही है, जो नियमों के पूरी तरह विपरीत है। इसी मुद्दे को लेकर धारीवाल के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल जिला निर्वाचन अधिकारी से मिला।




प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राखी गौतम और पीपल्दा विधायक चेतन पटेल भी शामिल रहे। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में धारीवाल ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी उनके द्वारा उठाए गए सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर संदेह और गहरा गया है।

धारीवाल ने आगे आरोप लगाया कि बीजेपी से जुड़े बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को बुलाकर नियमों की अनदेखी करते हुए हजारों फार्म भरवाए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम के अनुसार एक बीएलओ एक दिन में अधिकतम 10 फार्म ही स्वीकार कर सकता है, लेकिन यहां एक ही दिन में हजारों फार्म ले लिए गए, जो सीधे तौर पर चुनावी प्रक्रिया में धांधली की ओर इशारा करता है। उन्होंने तीन अहम सवाल उठाते हुए कहा कि आपत्तियां दर्ज होने के बाद रिटनिंग अधिकारी को सात दिनों के भीतर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक बुलानी अनिवार्य है, लेकिन ऐसी कोई बैठक नहीं हुई। दूसरा, जब नियम 10 फार्म प्रतिदिन का है तो हजारों फार्म कैसे स्वीकार किए गए। तीसरा, किसी भी मतदाता का नाम हटाने से पहले नोटिस देना जरूरी है, जबकि एक भी व्यक्ति को नोटिस नहीं दिया गया।

अंत में धारीवाल ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक भी मतदाता का नाम गलत तरीके से काटा गया, तो उसे सार्वजनिक रूप से सामने लाकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन और निर्वाचन तंत्र की मिलीभगत से बीजेपी को अनुचित लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

## अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाई, एक जेसीबी, दो टीपर एवं दो डंपर जब्त





भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

( सांवर वैष्णव ):- बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के श्रीपुरा थला गांव के पास बनास नदी में छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की, इस दौरान पुलिस ने मौके से एक जेसीबी मशीन, दो टीपर एवं दो डंपर जब्त कर मामला दर्ज किया । पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है । पुलिस ने बताया कि 19 जनवरी की रात को थाना सर्कल के थला, श्रीपुरा बनास नदी में अलग-अलग तीन टीमों द्वारा अलग-अलग रास्तों से घेरा डालकर दबिश दी गई । जहाँ अवैध बजरी खनन करते हुए वाहनों को जब्त करते हुए , खनिज विभाग को इसकी सुचना दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

## पासपोर्ट कार्यालय कोटा ने जारी किए आवेदकों के लिए दिशा-निर्देश

### पासपोर्ट पुनः जारी के लिए नया पंजीकरण अनिवार्य

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, कोटा के अधीन जिलों के पासपोर्ट आवेदकों की सुविधा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कार्यालय के अधीन भीलवाड़ा, बारां, झालावाड़, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, बूंदी, उदयपुर एवं सलूम्बर जिलों के कई आवेदकों को पासपोर्ट पुनः जारी के लिए आवेदन करते समय तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी यशवंत माठे ने बताया कि कुछ आवेदकों को पासपोर्ट सेवा पोर्टल पर आवेदन करते समय आरपीओ कोटा के स्थान पर आरपीओ जयपुर दिखाई दे रहा है, जिसके कारण कोटा एवं उदयपुर के पासपोर्ट सेवा केंद्र तथा पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र की सूची प्रदर्शित नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि जो आवेदक पासपोर्ट का पुनः जारी आवेदन कर रहे हैं, उनके लिए पासपोर्ट सेवा पोर्टल पर नई यूज़र आईडी, यूज़रनेम एवं पासवर्ड के साथ नया पंजीकरण करना अनिवार्य है। केवल नए लॉगिन के माध्यम से ही आवेदक आरपीओ कोटा का चयन कर सकेंगे और संबंधित पीएसके व पीओपीएसके की सूची देख पाएंगे। पुराने लॉगिन आईडी के उपयोग से यह समस्या उत्पन्न हो सकती है, इसलिए आवेदकों को नया अकाउंट बनाकर ही आवेदन करने की सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय कोटा द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि अब डिजिलॉकर में उपलब्ध दस्तावेज पासपोर्ट आवेदन प्रक्रिया के दौरान दस्तावेज सत्यापन के लिए मान्य होंगे। अतः सभी आवेदकों से आवेदन करते समय डिजिलॉकर एक्सेस प्रदान करने का आग्रह किया गया है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय ने कोटा एवं उदयपुर संभाग के सभी पासपोर्ट आवेदकों से निर्देशों का पालन करने की अपील की है।



' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA FOCUS

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# मुआवजे को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, 6 घंटे बाद बनी सहमति

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, भाकलिया गांव का मामला

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**





**(सांवर वैष्णव)।** बड़लियास थाना अंतर्गत भाकलिया गांव के पास रविवार दोपहर को हुए सड़क हादसे के बाद सोमवार को माहौल तनावपूर्ण हो गया। ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत के बाद परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर ग्रामीण जिला चिकित्सालय की मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठ गए। करीब छह घंटे तक चले विरोध प्रदर्शन और प्रशासनिक समझाइश के बाद सहमति बनी, तब जाकर मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार भाकलिया गांव निवासी दिनेश कुमार (22) पुत्र जमनालाल बेरवा रविवार दोपहर खेत में फसल की पिलाई करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान अड़सीपुरा-जित्या माफी रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद ग्रामीण उसे तत्काल भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर उदयपुर रेफर किया गया। उदयपुर ले जाते समय रास्ते में ही दिनेश ने दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना पर बड़लियास थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सोमवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण जिला चिकित्सालय की मोर्चरी के बाहर एकत्र हो गए और मृतक के परिजनों को आर्थिक मुआवजा देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बिना उचित मुआवजा दिए शव का पोस्टमार्टम नहीं होने दिया जाएगा।

सूचना पर बड़लियास थाना प्रभारी मुन्नीराम और बड़लियास नायब तहसीलदार मदनलाल शर्मा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की। करीब छह घंटे चली बातचीत के बाद प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सहमति बनी। प्रशासन की ओर से राज्य सरकार की बीमा योजना के तहत सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस दौरान कोटड़ी के पूर्व उपप्रधान मनीष गुर्जर भी मौके पर मौजूद रहे। सोमवार सायं को शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार किया गया।

वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव से होकर अवैध और लीज से बजरी से भरे ट्रैक्टर दिन-रात तेज गति से गुजरते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही, जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकर बने जानलेवा, रोज़ाना हो रहे हादसे

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



नगर के उपखंड कार्यालय और सिविल कोर्ट के सामने ग़लत व अव्यवस्थित ढंग से बनाए गए स्पीड ब्रेकर अब आमजन और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। इन स्पीड ब्रेकरों के कारण यहाँ आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं, जिनमें कई वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुमित जोशी ने इस गंभीर स्थिति को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक और न्यायिक कार्यालयों के बाहर बने स्पीड ब्रेकर न तो मानकों के अनुरूप हैं और न ही सही तरीके से चिह्नित किए गए हैं, जिससे खासकर रात के समय वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने मांग की है कि इन स्पीड ब्रेकरों को मानकों के अनुसार पुनः बनाया जाए, उन्हें व्यवस्थित किया जाए तथा स्पष्ट रूप से सफेद रंग से पेंट किया जाए ताकि दूर से ही दिखाई दें और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो।

सुमित जोशी ने बताया कि इन अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकरों की वजह से हुई दुर्घटनाओं में कई घायलों को गंभीर हालत में भीलवाड़ा जिला अस्पताल रेफर करना पड़ा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं।

# बाइक चोरी का खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



गांधीनगर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए बाइक चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक बरामद की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा वाहन चोरी के मामलों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी पुष्पा कसोटिया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की 14 जनवरी को जितेन्द्र सिंह चौहान निवासी गुढ़ा मांडल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 जनवरी को वह अपने परिवार के साथ बाइक पर संतोषी माता मंदिर दर्शन हेतु गया था। दर्शन के बाद जब वह बाहर आया तो मंदिर के बाहर खड़ी उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। आसपास तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिलने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, रूट चार्ट तैयार किया और तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी दीपक सिंह (22 वर्ष), निवासी गायत्री नगर चपरासी कॉलोनी, गांधीनगर, को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है।

पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# पर्यटन स्थल मंदाकिनी मंदिर रोड पर सीसी सड़क निर्माण अधूरा, हादसों का बढ़ा खतरा







**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**( रमेश गुर्जर )** नगर के प्रमुख पर्यटन व धार्मिक स्थल मंदाकिनी मंदिर को जोड़ने वाली सड़क पर निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। नवदीप स्कूल से उप जिला अस्पताल तक बनाई जा रही सीसी सड़क का काम पिछले डेढ़ माह से बंद होने के कारण मार्ग पर आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे इस रोड की दोनों साइड को सही तरीके से नहीं भरा गया है। इसके अलावा पानी निकासी के लिए डाले गए पाइपों की मोटाई भी कम है, जिससे आने वाले समय में सड़क पर जलभराव की स्थिति बनने की आशंका जताई जा रही है। इससे सड़क की गुणवत्ता और सुरक्षा दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

नगर निवासी यशवंत सिंह पुंगलिया ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य बंद होने से आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। अधूरा रोड, असंतुलित सतह और स्लोप नहीं होने से विशेषकर दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं।

वहीं शंभु सिंह शाक्तावत ने बताया कि धार्मिक आस्था और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण मंदाकिनी मंदिर रोड काफी प्रयासों के बाद स्वीकृत होकर शुरू हुई थी, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते लगभग 60 मीटर का हिस्सा पिछले डेढ़ माह से अधूरा है। सड़क की दोनों साइड नहीं भरे जाने से वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ रहा है, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है।

नगरवासियों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि पर्यटन स्थल को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए, दोनों साइड को मानकों के अनुसार भरा जाए तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगे और श्रद्धालुओं व पर्यटकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन युवक घायल

## एक की हालत गंभीर, जिला चिकित्सालय रेफर

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)** बड़लियास कस्बे में सोमवार रात्रि को सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास दो बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दुर्घटना में बड़लियास निवासी बबलू पुत्र कन्हैयालाल कीर (30 वर्ष), निर्मल पुत्र पारसमल हरिजन (25 वर्ष) तथा करण पुत्र लादूलाल हरिजन (22 वर्ष) घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों व राहगीरों ने तीनों घायलों को तत्काल बड़लियास चिकित्सालय पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों ने बबलू की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया, जबकि अन्य दो घायलों का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। दुर्घटना में दोनों बाइकें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही बड़लियास थाना पुलिस से दीवान ऋषिराज मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों व राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।

# ताश के पत्तों पर जुआ खेलते सात आरोपी गिरफ्तार, 61 हजार से अधिक की राशि जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध जुआ-सट्टा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शास्त्रीनगर क्षेत्र में ताश के पत्तों पर जुआ खेलते हुए सात आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से कुल 61 हजार 530 रुपये नकद एवं जुआ सामग्री जब्त की है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने बताया की 19 जनवरी को शाम करीब 7:34 बजे उप निरीक्षक कन्हैयालाल पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान प्रोबेशनर आईपीएस आयुष श्रोत्रिय से सूचना मिली कि शास्त्रीनगर में श्याम मंदिर के पास स्थित एक मकान में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं और वहां भारी मात्रा में नकदी हो सकती है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम शास्त्रीनगर स्थित मकान संख्या सी-176 पहुंची। मकान के एक कमरे से आवाजें आने पर पुलिस ने दरवाजा खोला तो अंदर सात व्यक्ति घेरा बनाकर ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलते पाए गए।

पुलिस ने मौके से कुल 61,530 रुपये नकद बरामद कर जब्त किए। जांच में आरोपियों द्वारा जुआ खेलना प्रमाणित पाए जाने पर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में हितेश निवासी आरसी व्यास कॉलोनी, जितेन्द्र निवासी काशीपुरी, विरेंद्र प्रकाश रांका निवासी काचीपुरम, संजय बंसल निवासी आजाद नगर, रमेश विजयवर्गीय निवासी गांधी नगर, नवरतन निवासी सुजुकी एंक्लेव तथा दिलीप न्याति निवासी आजाद नगर शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि अवैध जुआ-सट्टा के विरुद्ध अभियान आगे भी सख्ती जारी रहेगी



प्रतीकात्मक इमेज

# कुंए से पानी की मोटर चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



रायपुर थाना पुलिस ने बोराणा खेड़ा गांव में खेत के कुंए से पानी की मोटर चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटर बरामद कर ली है। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग साथी आरोपी को भी डिटेन कर अनुसंधान शुरू किया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी शंभु दयाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई । टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया की 17 जनवरी को श्रवण लाल पुत्र सोहन लाल निवासी सुरास का ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया था कि बोराणा खेड़ा गांव के पास भैरूलाल के खेत को सिजारे पर ले रखा है, जहां 24 दिसंबर की रात अज्ञात चोरों ने कुंए पर लगी पानी की मोटर चोरी कर ली। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण और पारंपरिक पुलिसिंग के जरिए सूचना संकलन किया। इसके आधार पर बोराणा खेड़ा निवासी राजू लाल पुत्र सोहन लाल नायक (28 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई पानी की मोटर बरामद कर ली गई। मामले में एक नाबालिग आरोपी को भी डिटेन कर पूछताछ की जा रही है।



QUICK BITES

## आईएफएमएस 3.0 की खामियों से नर्सेज परेशान, राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने खोला मोर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

महात्मा गांधी अस्पताल और आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज के नर्सेज कर्मचारियों का सब्र अब जवाब देने लगा है। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए नए ऑनलाइन सिस्टम आईएफएमएस 3.0 में गंभीर तकनीकी खामियों का आरोप लगाया है। एसोसिएशन का कहना है कि इन खामियों के चलते सैकड़ों नर्सेज कर्मचारी पिछले कई महीनों से आर्थिक तंगी झेलने को मजबूर हैं। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण लाल माली ने चिकित्सा अधीक्षक को सौंपे पत्र में बताया कि वर्ष 2016 में स्थायी हुए कर्मचारियों का 9 वर्ष का फिक्सेशन हुए चार माह बीत चुके हैं, लेकिन पीएमओ कार्यालय की लापरवाही और पोर्टल की खराबी के कारण उन्हें अब तक बढ़ा हुआ वेतन नहीं मिल पाया है। स्थिति यह है कि बजट उपलब्ध होने के बावजूद नर्सेज की सैलरी हर माह 10 से 15 तारीख के बाद जारी हो रही है, जिससे कर्मचारियों के घरेलू खर्च और ईएमआई की व्यवस्था बिगड़ गई है। उन्होंने बताया कि सिस्टम की खराबी का असर केवल वेतन भुगतान तक सीमित नहीं है। पोर्टल से सैलरी स्लिप और जीए-55 फॉर्म डाउनलोड नहीं होने के कारण कर्मचारी न तो बैंक से ऋण ले पा रहे हैं और न ही समय पर आयकर रिटर्न दाखिल कर पा रहे हैं। इसके साथ ही प्रशासनिक आदेशों में तालमेल की कमी ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। पीएमओ कार्यालय और नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय के बीच कागजी कार्रवाई को लेकर चल रहे विरोधाभास के कारण कर्मचारियों को बार-बार भटकना पड़ रहा है। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस पूरे मामले की जानकारी जिला कलेक्टर कार्यालय और मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को भी दी गई है, ताकि नर्सेज कर्मचारियों को जल्द राहत मिल सके।

## भीलवाड़ा में टेक्सटाइल और हस्तशिल्प का महाकुंभ 21 से 26 जनवरी तक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिला प्रशासन एवं उद्योग प्रोत्साहन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 'भीलवाड़ा टेक्सटाइल एवं हैंडीक्राफ्ट मेला 2026' का आयोजन 21 जनवरी से 26 जनवरी तक ग्रामीण हाट में किया जाएगा। मेले में कुल 60 आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें से 14 स्टॉल वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत टेक्सटाइल उत्पादों से संबंधित होंगे। इस दौरान भीलवाड़ा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए टेक्सटाइल उद्यमी, बुनकर, हस्तशिल्पकार एवं स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री करेंगे।

मेले का मुख्य उद्देश्य भीलवाड़ा की टेक्सटाइल पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त करना तथा स्थानीय कारीगरों और लघु उद्यमियों को विपणन के लिए सशक्त मंच प्रदान करना है। मेले में टेक्सटाइल उत्पादों के साथ-साथ पारंपरिक हस्तशिल्प, कालीन, रेडीमेड वस्त्र, लेदर उत्पाद, जूते-मोजड़ी, संगमरमर शिल्प, घरेलू सजावटी सामग्री, आचार-मुरब्बा, हर्बल उत्पाद, पापड़, किड्स वियर एवं स्थानीय खाद्य उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, जिससे आमजन को खरीदारी के साथ-साथ समृद्ध सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त होगा।

## युवा शक्ति क्लब द्वारा बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए लगाई जाएगी निशुल्क कक्षाएं

भीलवाड़ा फोकस @बिजोलिया




( मानव तिवाड़ी ) कस्बे के सामाजिक संगठन युवा शक्ति क्लब द्वारा बोर्ड परीक्षार्थियों की बेहतर परीक्षा तैयारी के उद्देश्य से निशुल्क कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह कक्षाएं 22 जनवरी से 5 फरवरी तक संचालित होंगी, जिनमें विभिन्न विषयों के अनुभवी अध्यापक विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। आयोजकों के अनुसार अंग्रेजी विषय के लिए गजेंद्र सिंह चौहान, नरेश सिंह तंवर, बलवंत जैन एवं घनश्याम सिंह कानावत, रसायन विज्ञान के लिए नितिन चित्तौड़ा, दीपक ऐरवाल व आदर्श सोनी, भौतिक विज्ञान के लिए राजेश शर्मा व सौरभ शर्मा, कृषि विज्ञान के लिए राकेश राठौर व विनोद पारीक, राजनीति विज्ञान एवं भूगोल के लिए रमेश प्रजापत एवं महावीर कुमार तांगड़, गणित के लिए पंकज सोनी, मुकेश सेन व एकलिंग कोली, अर्थशास्त्र के लिए पिंटू सुहासिया तथा विज्ञान विषय के लिए संदीप कोली व धर्म सिंह पवार द्वारा अध्यापन कार्य किया जाएगा। युवा शक्ति क्लब की ओर से बताया गया कि बोर्ड परीक्षार्थी संबंधित विषय के अध्यापकों से संपर्क कर इन निशुल्क कक्षाओं का लाभ उठा सकते हैं। क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए सहयोग प्रदान करना है।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा एवं बीमा जागरूकता कार्यशाला आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



सेठ मुरलीधर मानसिंह राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत छात्राओं के लिए सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियम तथा वाहन एवं व्यक्ति बीमा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सावन कुमार जांगिड़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि अनिल शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी रहे।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. सीमा गौड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि देश में प्रतिदिन औसतन लगभग 450 लोग लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं। मुख्य अतिथि अनिल शर्मा ने सड़क दुर्घटनाओं के विभिन्न कारणों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को दुर्घटनाओं से संबंधित वीडियो दिखाए तथा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ट्रैफिक चिन्हों, सिग्नलों एवं यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को लर्निंग लाइसेंस बनवाने हेतु सारथी एप के उपयोग, वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज-ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन की आरसी, बीमा एवं पीयूसी प्रमाण पत्र साथ रखने की सलाह दी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन नंबर 1033 की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. प्रतिभा राव ने छात्राओं को ट्रैफिक नियमों के पालन एवं सुरक्षित वाहन संचालन के लिए प्रेरित किया। महिला प्रकोष्ठ समिति सदस्य डॉ. ज्योति सचान ने सारथी एप के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस बनाने तथा हेलमेट पहनकर सुरक्षित ड्राइविंग करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य इंदु बाला पटवारी, डॉ. शोभा गौतम, एनएसएस प्रभारी रीना सालोदिया, डॉ. अंजली अग्रवाल, डॉ. गौरव कारवाल, के.के. मीणा सहित महिला प्रकोष्ठ के सदस्य, छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# शक्करगढ़ क्षेत्र में अवैध बजरी खनन फिर शुरू, अभियान खत्म होते ही हालात जस के तस

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।



क्षेत्र में बजरी की कोई वैध लीज नहीं होने के बावजूद अवैध खनन और परिवहन का खेल लगातार जारी है। 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चले अवैध खनन विरोधी अभियान के दौरान ग्रामीणों को कुछ दिनों की राहत जरूर मिली, लेकिन अभियान समाप्त होते ही हालात फिर पुराने जैसे हो गए हैं।

सोमवार से शक्करगढ़ थाना क्षेत्र में बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दोबारा सड़कों पर दौड़ने लगी हैं। इससे जहां ग्रामीणों की शांति भंग हो रही है, वहीं राहगीरों को धूल-मिट्टी के बीच सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब क्षेत्र में बजरी की कोई लीज स्वीकृत ही नहीं है, तो इतनी बड़ी मात्रा में बजरी का परिवहन आखिर कैसे हो रहा है। इससे सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि प्रशासन की कार्रवाई केवल कागजों और सीमित समय के अभियानों तक ही सिमट कर रह जाती है।

अवैध बजरी परिवहन के कारण सड़कों पर दिनभर धूल का गुबार छाया रहता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध बजरी खनन और परिवहन पर स्थायी रूप से रोक लगाई जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## सिविल सर्विसेज टेबल-टेनिस टूर्नामेंट में भीलवाड़ा की टीम बनी स्टेट चैंपियन

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़ ।



कोटा में आयोजित 4ह्लद्ध राज्य स्तरीय सिविल सर्विसेज टेबल-टेनिस टूर्नामेंट में भीलवाड़ा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मुकाबले में भीलवाड़ा टीम ने गत विजेता उदयपुर को 3-0 से पराजित किया।

टीम कप्तान मोहम्मद आसिफ़ खान ने बताया कि भीलवाड़ा टीम ने पूल मैचों में जोधपुर, श्रीगंगानगर, बीकानेर, पाली और कोटा को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में बांसवाड़ा को 3-2 से तथा सेमीफाइनल में पूर्व विजेता डूंगरपुर को 3-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई और खिताब अपने नाम किया।

टीम प्रभारी राकेश पारीक ने बताया कि टीम में कप्तान मोहम्मद आसिफ, दिनेश मीणा, रोहित घूसर, माण्डलगढ़ में कार्यरत डॉ. राजेंद्र कुमार सोमानी, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद आबिद और सुशील कुमार टाक शामिल रहे। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर भीलवाड़ा का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया। भीलवाड़ा टीम की इस उपलब्धि पर जिलेभर में खेलप्रेमियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## जोगणिया माता कुवाड़ा रोड परिसर में जनसुविधाओं के विस्तार का कार्य प्रारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



धार्मिक आस्था एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए जोगणिया माता कुवाड़ा रोड परिसर में आमजन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार हेतु निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह कार्य कोली समाज विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य जोगणिया माता क्षेत्र में मूलभूत जनसुविधाओं को सुदृढ़ कर श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।ट्रस्ट के सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि जोगणिया माता कुवाड़ा रोड परिसर में प्रारंभ किए गए इस निर्माण कार्य के अंतर्गत आवागमन व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, बैठने की सुविधा सहित अन्य आवश्यक जनसुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे जोगणिया माता दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्र के समग्र विकास को गति प्राप्त होगी।उन्होंने बताया कि जोगणिया माता परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में सुविधाओं के विस्तार से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि जोगणिया माता क्षेत्र एक सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक धार्मिक स्थल के रूप में विकसित होगा।निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक चुन्नीलाल पटेल, बालूलाल बछपरिया, उपाध्यक्ष मोतीसिंह, कोषाध्यक्ष महेन्द्र गैंडा, सोहनलाल तलाया, राकेश कसोड़िया, देवीलाल, सीताराम बछपरिया, उस्ताद बुद्धि प्रकाश बछपरिया, मोतीलाल आमेरिया, अशोक तलाया, राजेश कसोड़िया, भोपा जी, राधा देवी तथा मोहनलाल रुवासिया सहित समाज के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## विराट हिन्दू सम्मेलनः क्षेत्र में आस्था का विशाल संगम, प्रभात फेरी का आयोजन आज



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर के न्यू हाउसिंग बोर्ड बस्ती, भोपालपुरा खेड़ा, वैभव नगर, ज्योति नगर, गोकुलम विलाज, कीर्ति नगर, खत्री कॉलोनी, भोपालपुरा यूआईटी क्वार्टर्स, कुमुद विहार-1 सहित आसपास के क्षेत्रों में सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। यह सम्मेलन 18 जनवरी से 25 जनवरी तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा।

विराट हिन्दू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष प्रदीप कांकरिया ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, जागरूकता, धार्मिक संस्कारों तथा सांस्कृतिक गौरव की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में भाग लेकर धर्म एवं संस्कारों की इस महायात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि 20 जनवरी को सुबह 7 बजे क्षेत्र के सभी मंदिरों से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसी दिन सायं 7 बजे सालासर बालाजी मंदिर (जुनेजा परिवार) में भजन संध्या का आयोजन होगा। 22 जनवरी को सायं 5:30 बजे क्षेत्र के सभी मंदिरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा, जबकि 23 जनवरी को सायं 7:30 बजे सालासर बालाजी मंदिर से वाहन रैली निकाली जाएगी।

सम्मेलन के समापन अवसर पर 25 जनवरी को सुबह 9 बजे सालासर बालाजी मंदिर से भव्य शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 12:30 बजे सोनी हॉस्पिटल के पास स्थित कम्युनिटी हॉल में भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इस विराट हिन्दू सम्मेलन में 25 जनवरी को स्वामी हंसराम उदासीन, महामंडलेश्वर, हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं मुनि श्री 108 आदित्य सागर महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त होगा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com



# राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा का नववर्ष स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा (रजि.) द्वारा जयपुर स्थित हीरा वैली रिसोर्ट में नववर्ष स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने पर फैशन आइकॉन मिसेज जया चौहान को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने की। महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली ने बताया कि सम्मान समारोह के दौरान वर्ष 2025 में चयनित माली समाज के 11 आरएएस अधिकारियों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के प्रबुद्धजनों, पत्रकारों तथा हाल ही में निर्वाचित महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्था



के अध्यक्ष अनुभव चंदेल, माली सैनी अधिकारी कर्मचारी विकास संस्थान के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सैनी सहित श्रीमती जया चौहान (भीलवाड़ा) को माला, साफा, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही महासभा की जयपुर शहर महिला विंग अध्यक्ष काजल सैनी द्वारा जिला कार्यकारिणी की महिला पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर चाकसू में आगामी 23 फरवरी को प्रस्तावित 51 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन का पोस्टर विमोचन भी किया गया। साथ ही जयपुर इकाई के सभी तहसील अध्यक्षों एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता सुनील सैनी ने समारोह में पधारे सभी गणमान्य समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर महासभा संरक्षक विशनाराम देवड़ा, प्रदेश महामंत्री भवानीशंकर माली, महिला प्रदेश अध्यक्ष गीता सोलंकी, कार्यकारी अध्यक्ष शीला सैनी, प्रदेश महामंत्री संतोष सैनी, विमला सैनी, सत्यनारायण खटवाड़ा, कार्यक्रम संयोजक घीसाराम सैनी, ललिता संजीव मेहरवाल, मंगल प्रसाद चौहान, हरिकिशन सैनी, सेवानिवृत्त आरएएस कनिष्क सैनी, ओंकार मल सैनी सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप की 429वीं पुण्यतिथि श्रद्धा से मनाई

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

कस्बे में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 429वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई । इस अवसर पर बाग के बालाजी मंदिर परिसर में महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

प्रदीप सिंह सोलंकी ने बताया कि कार्यक्रम नगर के वरिष्ठजनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के सानिध्य में आयोजित हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के त्याग, वीरता



और मातृभूमि के प्रति समर्पण को याद किया वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है कार्यक्रम के दौरान समाज में राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया गया अंत में सभी उपस्थितजनों ने महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया । इस दौरान डॉक्टर एन के सोनी ,सार्वजनिक धर्मशाला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ( गुड्डू बन्ना ) , प्रशासक रामपाल बलाई ,सम्पत सिंह सोलंकी ,सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण बलाई ,माहेश्वरी समाज अध्यक्ष सूरतराम गगरानी ,मुरली मनोहर मूंदड़ा ,भगवान मंत्री ,सोनू लक्ष्कार ,निरंजन सिंह सोलंकी ,सोहन जीनगर, रामचंद्र तिवाड़ी छोटू लाल आचार्य, घिसु सिंह सहित कई ग्रामीण व प्रबुद्धजन मौजूद रहे

# हिंदू सम्मेलन को लेकर पोस्टर विमोचन, विभिन्न दायित्व सौंपे गए

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर के वर्धमान-विद्युत नगर बस्ती क्षेत्र में 25 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर सगसजी के स्थान पर पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के नागरिकों ने सहभागिता निभाते हुए सम्मेलन को भव्य एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जमनालाल डिडवानिया, भैरूलाल शर्मा, मदन खटोड़, मनीष मिश्रा, नवरत्न रूप हलवाई, गोविंद सिंह शक्तावत, भैरूमाली, राजेश शर्मा, कथावाचक दिव्यांशु दाधीच, लंकेश पाराशर तथा बस्ती प्रमुख देवीलाल माली ने उपस्थित टोली प्रमुखों का परिचय कराते हुए उन्हें विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपीं।

सम्मेलन की व्यवस्थाओं को सुदृढ़



करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं। मीडिया व्यवस्था का दायित्व आशीष पाराशर को, शोभायात्रा का दायित्व लोकेश आगाल को तथा कार्यक्रम सूचना व्यवस्था की जिम्मेदारी आशीष झंवर को सौंपी गई। मंच व्यवस्था आशीष तोतला एवं उनकी टीम द्वारा संभाली जाएगी। भजन मंडल प्रभारी लाली बाई माली, राधा डोडिया एवं उनकी टीम रहेंगी। विद्यालय कार्यक्रम की जिम्मेदारी ज्योति, सरिता, अनिल बांगड़, किरण, पूजा कपूर एवं मधु बहेडिया को दी गई।

वहीं आर्थिक टोली का संचालन अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील पांडे, पंकज सिंघवी, राजेन्द्र काल्या एवं ओमप्रकाश गंदोडिया करेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति, सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति, नैतिक मूल्यों, कुटुंब प्रबोधन एवं स्वदेशी जागरूकता जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संस्कृति के जागरण और समाज को एकजुट करने का संकल्प है।

कार्यक्रम के निमित्त दोपहर 3.30 बजे नामदेव मंदिर में 11 हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता निभाई।

# माता शबरी की तपोस्थली को संवारने में संतों का संकल्प

## टेकरी के हनुमान मंदिर के निकट कुटिया छाया निर्माण को मिले 2 लाख

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचंद पेसवानी।** जिले के गुरला स्थित टेकरी के हनुमान मंदिर के समीप माता शबरी की तपोस्थली को विकसित करने की दिशा में एक प्रेरक पहल सामने आई है। माता शबरी की कुटिया छाया निर्माण कार्य को गति देने के उद्देश्य से स्वामी हंसराम उदासीन, महामंडलेश्वर, हरि सेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर द्वारा 2 लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि यह राशि हंसगंगा हरि सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट एवं हरि सेवा धाम चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से दो चेकों के माध्यम से माता शबरी कुटिया छाया निर्माण समिति के प्रमुख महंत पुनीत दास त्यागी को भेंट की गई। इस अवसर पर श्री बालाजी समाज सेवा समिति, गुरला के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित



रहे। स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि माता शबरी की तपोस्थली का विकास केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों एवं पर्यावरण संरक्षण को सशक्त करने का प्रयास है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कुटिया छाया एवं मंदिर निर्माण पूर्ण होने के पश्चात यह स्थल साधकों, श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए एक प्रमुख धार्मिक केंद्र के रूप में विकसित होगा।

उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए छाया क्षेत्र के चारों ओर तारबंदी कर पौधारोपण किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बैठने के लिए कुर्सियों की भी व्यवस्था की जाएगी, जिससे बुजुर्गों एवं महिलाओं को विशेष राहत मिल सके।

इस अवसर पर श्री बालाजी समाज सेवा समिति की ओर से महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन का आभार व्यक्त किया गया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि संतों एवं समाज के सहयोग से यह निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होकर आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था का सशक्त केंद्र बनेगा।

सेवा और संवेदना की इसी कड़ी में अम्बेडकर कॉलोनी, कांवाखेड़ा बस्ती में जरूरतमंद लोगों के लिए शॉल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। ठंड के मौसम में यह सेवा कार्य गरीब एवं वंचित परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ। संतों एवं समाजसेवियों ने जरूरतमंदों को शॉल भेंट कर मानवीय सरोकारों का उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में संत मायाराम, संत गोविंद राम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव, कुनाल सिद्धार्थ, मिहिर, श्री बालाजी समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह पुरावत, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश भुनकर, सचिव योगेंद्र सिंह पंवार, छित्तर मल गेंगट, महावीर गेंगट, इंद्र अवतानी सहित अनेक श्रद्धालु एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# त्रिवेणी संगम पर आज मनाया जाएगा श्री श्रीयादे माता जन्म उत्सव

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**



प्रजापति समाज द्वारा आज त्रिवेणी संगम पर भक्त शिरोमणि श्री श्रीयादे माता का जन्म उत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन श्री श्रीयादे माता विकास सेवा समिति, त्रिवेणी संगम के तत्वावधान में समिति अध्यक्ष गोपाल प्रजापत की अध्यक्षता में संपन्न होगा। समिति के मीडिया प्रभारी शंभू लाल प्रजापत ने बताया कि मंगलवार, को सुबह 7:15 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ श्री बाण माता गोवटा रानी से होगा। शोभायात्रा मोटरों का खेड़ा, सिंगोली, धाकड़ खेड़ी, बागीत, जोजवा, खटवाड़ा एवं बीगोद सहित विभिन्न गांवों से होती हुई दोपहर 12:15 बजे त्रिवेणी संगम पहुंचेगी। जन्म उत्सव महोत्सव के मुख्य अतिथि गोपाल खंडेलवाल होंगे। इसी अवसर पर आयोजित द्वितीय रक्तदान शिविर का शुभारंभ भी उनके करकमलों से किया जाएगा।

# हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।**



**महावीर वैष्णव** कस्बे में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 25 जनवरी, रविवार को किया जाएगा।

आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन से एक दिन पूर्व 24 जनवरी, शनिवार को सायं 7 बजे बस स्टैंड स्थित बालाजी महाराज मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

वहीं 25 जनवरी, रविवार को सुबह 10 बजे से भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें राम दरबार की झांकियां विशेष आकर्षण रहेंगी। शोभायात्रा के उपरांत विराट हिंदू महासभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संतों का सान्निध्य भी रहेगा।

# नोहरा काली छठ देवनारायण से मालासेरी में चढ़ाया गया ध्वज

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के नोहरा जित्यास गांव में काली छठ देवनारायण भगवान के यहा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माही सप्तमी से पूर्व देवनारायण भगवान की जन्म स्थली मालासेरी डूंगरी पर ध्वज चढ़ाया गया । पुजारी गणेश जाट ने बताया कि माही सप्तमी से नोहरा गांव में काली छठ का देवनारायण भगवान के यहां से झंडा सोमवार सुबह 9:15 बजे ट्रक के माध्यम से लेकर प्रारंभ हुई, इस दौरान हरि कीर्तन करते हुए देवनारायण भगवान के जन्मस्थली मालासेरी की डूंगरी पर पहुंचे, जहां देवनारायण भगवान को झंडा चढ़ाया गया, वही देवनारायण भगवान से क्षेत्र में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की । इस दौरान उदा जाट, खाना जाट, राम सिंह, शंकरलाल, कालूलाल, भेरुलाल, भीमराज जाट, बद्रीलाल, श्रवण दरोगा, राम किशन दरोगा, अंबालाल जाट, श्रवण कुमार, कालूलाल जाट, कैलाश दरोगा सहित नोहरा व ढ़ेलाणा गांव से बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे ।।

# बच्चों की मेहनत लाई रंग, सवाईपुर के चार खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**



**सांवर वैष्णव**

सुविधाओं के अभाव और उबड़-खाबड़ मैदानों में अभ्यास के बावजूद सवाईपुर विद्यालय के हॉकी खिलाड़ियों की मेहनत रंग लाई है। विद्यालय के चार छात्र-छात्राओं का 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता 17 वर्ष वर्ग में चयन हुआ है, जिससे विद्यालय परिवार, ग्रामीणों एवं खेलप्रेमियों में खुशी का माहौल है। 17 वर्ष छात्र वर्ग में सुनील जाट कक्षा 12, आर्यन पुरोहित कक्षा 10 व अनिल सेन तथा 17 वर्ष छात्रा वर्ग में हर्षिता साहू कक्षा 12 का चयन हुआ है। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ला की छात्रा कोमल जाट का भी छात्रा वर्ग में चयन हुआ है। सभी खिलाड़ियों का चयन 18 व 19 जनवरी को हुए चयन परीक्षण में हुआ। 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 31 जनवरी तक रांची (झारखंड) में होगा, जहां ये खिलाड़ी राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इससे पूर्व 20 से 23 जनवरी तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बांदनवाड़ा, अजमेर में पूर्व प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। स्थानीय कोच ओमप्रकाश सुथार ने बताया कि सीमित सुविधाओं के बावजूद क्षेत्र से लगातार प्रतिभाएं निकल रही हैं, लेकिन खेल मैदान में अतिरिक्त टर्फ की आवश्यकता लंबे समय से बनी हुई है। टर्फ उपलब्ध होने पर और अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।